गुवाहाटी में 'कैप्टन नॉक' के दम पर बेंगलुरु का पलटवार, राजस्थान को दिया 202 रनों का लक्ष्य

पाटीदार की कप्तानी पारी और वेंकटेश अय्यर के तूफानी अंत से आरसीबी ने संभाली पारीरवि, बिश्नोई और जोफ्रा आर्चर ने की घातक गेंदबाजी

एजेंसी

गुवाहाटी (असम)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 16वें मुकाबले में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक बेहद रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ, लेकिन जब खेल शुरू हुआ तो रनों की जमकर बारिश हुई। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कप्तान रजत पाटीदार की 63 रनों की साहसी पारी और अंतिम ओवरों में वेंकटेश अय्यर की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला

शुरुआत में बिल्कुल सही साबित हुआ। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। इसके बाद क्रीज पर आए देवदत्त पडिक्कल ने कुछ अच्छे हाथ दिखाए लेकिन वह 7 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हो गए। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी लय पकड़ने की कोशिश की और 16 गेंदों में 32 रन बनाए, जिसमें कुछ आकर्षक शॉट्स शामिल थे। हालांकि, स्पिनर रवि बिश्नोई की एक शानदार गुगली को पढ़ने में वह नाकाम रहे और बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। बेंगलुरु की टीम एक समय 76 रन पर 5 विकेट खोकर गहरे संकट में दिख रही थी। जब टीम मुश्किल में थी, तब कप्तान रजत पाटीदार ने जिम्मेदारी संभाली। पाटीदार ने राजस्थान के गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 40 गेंदों में 63 रनों की कप्तानी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए और स्पिनर रवि बिश्नोई के खिलाफ लगातार दो छक्के जड़कर टीम के स्कोर को गति प्रदान की। पाटीदार ने न केवल पारी को संभाला बल्कि टीम को एक सम्मानजनक स्कोर की ओर अग्रसर किया। उन्हें संदीप शर्मा ने आउट कर उनकी पारी का अंत किया। पारी के अंतिम चरणों में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए वेंकटेश अय्यर ने मैच का पासा पलट दिया। अय्यर ने मात्र 9 गेंदों में नाबाद 30 रनों की तूफानी पारी खेली। पारी के आखिरी ओवर में उन्होंने लगातार चौके और छक्कों की झड़ी लगा दी (4, 6, 6), जिसकी मदद से बेंगलुरु की टीम 200 के आंकड़े को पार करने में सफल रही। इस विस्फोटक बल्लेबाजी ने राजस्थान के गेंदबाजों के मनोबल को चोट पहुंचाई और मैच में बेंगलुरु की वापसी कराई। राजस्थान की ओर से गेंदबाजी में रवि बिश्नोई सबसे सफल रहे, जिन्होंने मध्यक्रम को झकझोरते हुए महत्वपूर्ण विकेट लिए। बिश्नोई ने विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या जैसे बड़े खिलाड़ियों को आउट किया। जोफ्रा आर्चर ने भी अपनी रफ्तार से प्रभावित किया और 2 विकेट चटकाए। राजस्थान के युवा गेंदबाज बृजेश शर्मा ने भी शानदार नियंत्रण दिखाया और 2 विकेट अपने नाम किए। वहीं अनुभवी संदीप शर्मा और रविंद्र जडेजा को 1-1 सफलता मिली। अंतिम ओवरों में रन लुटाने के कारण राजस्थान के गेंदबाज बेंगलुरु को बड़े स्कोर से रोकने में असफल रहे। बेंगलुरु का कुल स्कोर 20 ओवर में 201/8 रहा। कप्तान रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 63 रन (40 गेंद) बनाए। विराट कोहली ने 32 रन (16 गेंद) का योगदान दिया, जबकि वेंकटेश अय्यर 30 रन (9 गेंद) बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान के लिए गेंदबाजी में रवि बिश्नोई, जोफ्रा आर्चर और बृजेश शर्मा ने 2-2 विकेट लिए।

सीएसके खाता खोलने को बेताब, सैमसन और गायकवाड़ पर होगा दबाव

एजेंसी

चेन्नई। सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है। सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।सीएसके के लिए हालात बेकाबू होने से पहले सैमसन और गायकवाड़ की सलामी जोड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कार्तिक शर्मा को भी मध्य क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जबकि प्रशांत वीर ने निचले क्रम में अच्छा खेल दिखाया है। एकमात्र बल्लेबाज जिसने निरंतरता दिखाई है, वह सरफराज खान हैं, जो खुद को साबित करना चाहते हैं। सीएसके के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 250 रन लुटाए, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ। खलील अहमद को छोड़कर बाकी सभी गेंदबाजों ने प्रति ओवर 12 या उससे अधिक रन लुटाए। चेपॉक में यह सत्र का दूसरा मैच होगा।

कैफ ने पंत के बारे में कहा, आप जिम्मेदारी नहीं लेंगे तो मैच जीतने में मदद नहीं कर सकते

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। मुकुल चौधरी के नाबाद 54 रन की मदद से एलएसजी ने यह मैच जीता था। पंत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और कैफ ने इसी संदर्भ में उनकी आलोचना की। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, '''टीम को जरूरत थी कि वह अंत तक क्रीज पर टिके रहें। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो 2016 से आईपीएल में खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करने आए तो स्थिति मुश्किल नहीं थी। एलएसजी ने पहले पांच ओवरों में ही 41 रन बना लिए थे। किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और अंत तक बल्लेबाजी करनी थी।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

एजेंसी

मुल्लांपुर। पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना। केकेआर के खिलाफ ईडन गार्डन्स में भी पंजाब किंग्स ने अच्छी शुरुआत की थी। उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने शुरू में ही दो विकेट ले लिए थे लेकिन भारी बारिश और आंधी के कारण उसे अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पिछले सत्र में 500 से अधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने टीम के दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ी ऑरेंज कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज) या पर्पल कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज) हासिल करने की होड़ के बजाय सामूहिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उसकी यह मानसिकता कूपर कोनोली की गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 72 रनों की पारी और विजयकुमार वैशाक के गेंदबाज़ी में बढ़ते प्रभाव में स्पष्ट नजर आता है।

टीम इस प्रकार हैं

पंजाब किंग्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पाइला अविनाश, अजमतुल्लाह उमरजई, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, कूपर कोनोली, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरनूर सिंह, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसन, मुशीर खान, विशाल निशाद, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैश्यक, नेहल वढेरा, यश ठाकुर।

सनराइजर्स हैदराबाद: ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा।

आयुष शेट्टी ने क्रिस्टी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई

एजेंसी

निंगबो (चीन)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगा जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं। यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया।

केकेआर के पॉवेल ने अंपायरों की 'गलती' और धीमे विकेट पर अफसोस जताया

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान अंपायरों की 'गलती' की आलोचना की और अपनी टीम की करीबी हार के लिए ईडन गार्डन्स की धीमी पिच को जिम्मेदार ठहराया। एलएसजी का स्कोर 16 ओवर के बाद सात विकेट पर 127 रन था लेकिन उसने युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी की नाबाद 54 रन की पारी की मदद से तीन विकेट से जीत हासिल की। पॉवेल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''आप ईडन गार्डन्स को अपना गढ़ बनाना चाहते हैं। यह आपका घरेलू मैदान है और दर्शकों का समर्थन आपको मिलता है। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उठाना अच्छा लगता है।

कार्यालय नगरपालिका, कलायत (कैथल)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलायत जिला कैथल दिनांक 16.04.2026 को अपने क्षेत्र वार्ड नं. 02 में स्थित दलासर तालाब में मछली पालन हेतू दोपहर 02:30 बजे ठेका देना चाहती है। अतः इच्छुक ठेकेदार 5000/- रूपये सिक्योरिटी देकर नगरपालिका कलायत कार्यालय में होने वाली बोली में भाग ले सकता है। नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका कलायत कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

आदेशानुसार
सचिव, नगरपालिका कलायत

हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला टीम के कोच के तौर पर खांडेकर की जगह टिम वाइट को नियुक्त किया

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम की विश्व रैंकिंग 12वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई थी। इसके अलावा टीम ने 2024 के पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल तक भी जगह बनाई थी। वाइट ने अपने करियर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय जूनियर टीम के कोच का पद संभाला था और टीम को जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक दिलाया था। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में वाइट ने कहा, ''हाल में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर भारत में समय बिताने के बाद मैं इस देश के हॉकी के प्रति जुनून और समृद्ध संस्कृति से प्रभावित हुआ। '' उन्होंने कहा, ''जूनियर विश्व कप में भारत के खिलाफ कोचिंग करते हुए मैंने यहां की युवा प्रतिभाओं को करीब से देखा है।

खालिन जोशी ने चार शॉट से आंध्र ओपन जीता

विशाखापत्तनम। खालिन जोशी ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 69 के स्कोर के साथ शुक्रवार को यहां आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के 33 वर्षीय पेशेवर खिलाड़ी ने 68-68-70-69 के कार्ड खेलकर नौ अंडर 275 का कुल स्कोर बनाकर चार शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। पीजीटीआई में खालिन की यह सातवीं जीत है। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपये का इनाम मिला और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में वह 55वें से 12वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65) ने अंतिम दौर में कोर्स-रिकॉर्ड छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में पांच अंडर 279 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह तीसरे दौर के बाद 13वें स्थान पर थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सत्र की रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार (70-74-68-68) ने दुबई के यश मजमूदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। उनका स्कोर चार अंडर 280 रहा।

मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना

कोलकाता। युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं। मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं।'' मुकुल ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और वह हर दिन लगभग 150 छक्के लगाने का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे 'जीन्स' ऐसे हैं और मेरी शारीरिक बनावट ऐसी है कि मेरे शॉट्स में ताकत होती है। मैं खूब अभ्यास भी करता हूं। मैं हर दिन लगभग 100-150 छक्के लगाता हूं। पिछले पांच-छह महीनों से मैंने बहुत अभ्यास किया और इसका असर अब मेरी बल्लेबाजी में देखने को मिल रहा है।'' उन्होंने धोनी की तरह अपने 'हेलीकॉप्टर शॉट' के बारे में भी बात की। उन्होंने 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर इसी तरह का शॉट लगाकर छक्का जड़ा था। मुकुल ने कहा, ''मैंने बचपन से ही उस शॉट का अभ्यास किया है।

अस्वीकरण सूचना

पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। जगमार्ग विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो जगमार्ग प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

बेदखली सूचना

मै भाग सिंह पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं0 936/1, सरस्वती कालोनी, गांव बाहरी, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र राजेश मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और हमारे साथ लड़ाई झगड़ा करता है। इसलिए मै उसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

नाम परिवर्तन

मैं, सरिता देवी धर्मपत्नी श्री विजय कुमार, निवासी गांव बहादरगढ़, तहसील सफीदों (जींद), यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर सरिता से सरिता देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे 'सरिता' देवी के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, सीमा (आधार नं. 594676473001), पत्नी स्व. श्री विक्रम सिंह निवासी ग्राम-शामगढ़, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल (हरियाणा), अपने नाबालिग बेटे का नाम 'रजत मराठा' से बदलकर 'रजत लहरवान' करती हूँ। मेरा बेटा भविष्य में सभी कार्यों के लिए अपने नाम 'रजत लहरवान' का ही उपयोग करेगा।

AU SMALL FINANCE BANK

Registered Office:19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001.
www.au.bank.in

स्वर्ण ऋण (Loan Against Gold) – "जैसी स्थिति है, जहाँ स्थिति है" आधार पर नीलामी सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("बैंक") से प्राप्त स्वर्ण ऋण सुविधा के अंतर्गत बकाया राशि के भुगतान हेतु नोटिस जारी किए गए हैं। चूँकि उधारकर्ता(ओं) द्वारा अपनी देय राशि का भुगतान नहीं किया गया है, अतः हम गिरवी रखी गई स्वर्ण वस्तुओं/आभूषणों की नीलामी 11 May 2026 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे (समय) के मध्य, नीचे उल्लिखित शाखाओं में, वहाँ निर्दिष्ट माध्यम/प्रक्रिया के अनुसार आयोजित करने हेतु बाध्य हैं। मृत उधारकर्ताओं के मामलों में, सभी शर्तें विधिक उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी। कृपया ध्यान दें कि यदि उपरोक्त नीलामी असफल रहती है, तो बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के पुनः नीलामी आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

भौतिक नीलामी शाखा का विवरण

Bahadurgarh - L9001090151087002 L9001090151114405

नोट: 1. भौतिक नीलामी के विफल होने की स्थिति में, ई-नीलामी इस वेबलिंक का उपयोग करके आयोजित की जा सकती है - https://gold.samil.in
2. प्रस्तावित नीलामी के विफल होने की स्थिति में, कृपया इस सूचना को अगली नीलामी के लिए पूर्व-सूचना के रूप में स्वीकार करें।
3. नीलामी, बोली प्रारूप में उल्लिखित कुछ नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी, जो नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व उपलब्ध कराई जाएगी।

हस्ताक्षर/-
प्रबंधक
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

कार्य का नाम	LHB AC कोचों में RMPU के लिए, क्लीनर और प्राइमर के साथ PU सीलेंट एडहेसिव की सप्लाई और उसका इस्तेमाल; तथा RMPU ट्रक फ्लोर और जोड़ों में पानी के रिसाव की जाँच।		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	04.05.2026 प्रातः 11:30 बजे।	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	10.04.2026 12:14
पूर्व-बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री-बिड बैठकें	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 60,87,013/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप।
अग्रिम धन	रु. 1,21,800/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज़ लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	15 माह
बोली आरंभ तिथि	20.04.2026	बोली समाप्ति तिथि	04.05.2026 प्रातः 11:30 बजे।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

सं.: 56/W/इलेक्ट/25-26/T/22/PU सीलेंट 1194/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

रोसबे एससीओ 62-63
तीसरी मंजिल, बैंक स्क्वायर
सेक्टर-17-बी, चंडीगढ़-160017

ई-नीलामी सूचना बिक्री सूचना

विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए यहां स्कैन करें

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
परिशिष्ट- II A अचल के लिए नियम 6(2) के साथ]

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परंतुक के साथ पठित।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, बंधककर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिस पर कब्जा कर लिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता को नीचे उल्लिखित बकाए की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। हिसाब किताब। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/प्रतिभूत संपत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लिखित है:-

उधारकर्ता(ओं)/ गारंटर (ओं)/ बंधककर्ता (ओं)/ का नाम और पता	ज्ञात बाधाओं, यदि कोई हो, सहित अचल संपत्ति का विवरण	कुल बकाया (09.12.2024 के अनुसार)	ई-नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बढ़ाई गई बोली की राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1 उधारकर्ता (ओं):- (1) श्रीमती संगीता पत्नी श्री मुकेश सिसौदिया, मकान नं० 952, फरकपुर पोस्ट जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा - 135001 (2) श्री मुकेश सिसौदिया पुत्र श्री निर्मल सिंह, मकान नं० 952, फरकपुर पोस्ट जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर हरियाणा-135001	आवासीय मकान, संपत्ति संख्या 1केवीओपी1ए2, जिसका क्षेत्रफल 163 वर्ग गज है और जो मौजा फरकपुर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर की आबादी दाह/लाल लकीर में स्थित है, नगरपालिका सीमा के भीतर है, का समतुल्य बंधक। यह मकान बिक्री विलेख संख्या 7200 दिनांक 07.02.2014 के माध्यम से खरीदा गया था, जो संयुक्त/उप-पंजीयक कार्यालय जगाधरी में विधिवत पंजीकृत है। बिक्री विलेख के अनुसार संपत्ति का माप और सीमाएँ निम्नानुसार हैं: उत्तर: 14 फीट + 14 फीट + 14 फीट - प्रीतम सिंह और अन्य, फिरनी और अन्य का मकान; दक्षिण: 42 फीट, अन्य का मकान; पूर्व: 27 फीट + 20 फीट, प्रीतम सिंह और जोगिंदर सिंह का मकान; पश्चिम: 30 फीट + 20 फीट, अन्य का मकान और 6 फीट चौड़ा रास्ता। BAANKNET प्रॉपर्टी आईडी-BARB6045202500009.	रु. 45,16,686/- + अयुक्त ब्याज और अन्य व्यय - वसूली (यदि कोई हो) ब्याज और अन्य व्यय - वसूली (यदि कोई हो) कुल देय राशि (दिनांक 15.09.2018 तक)	06.05.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 20,00,000/- / रुपये 2,00,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	27.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)

संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क नंबर: श्री हितेश सहगल, मुख्य प्रबंधक, मो.: 8558846401

ई-नीलामी की तिथि और समय से पहले या उस दिन तक ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि।
ई-नीलामी शुरू होने की तिथि और समय: 06.05.2026, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक। ईएमडी के भुगतान का तरीका: एनईएफटी/ई-पेमेंट गेटवे
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://Baanknet.com देखें।
इसे सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना के रूप में माना जा सकता है।

दिनांक : 10.04.2026 स्थान : चंडीगढ़ अधिकृत अधिकारी

कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉक्टर मिश्रा, अध्यक्षः हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली (कुरुक्षेत्र)

11-4-2026, शनिवार, विक्रमी सम्वत 2083, वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र ,चंद्रमा मकर राशि में। राहुकालः प्रातः 9 बजे से 10 बज कर 30 मिनट तक।

मेषः आज पारिवारिक सदस्यों और घनिष्ठ मित्रों से मिलने के शुभ अवसर मिलेंगे। सुख समृद्धि हेतु श्रद्धा पूर्वक भगवान श्री हनुमान चालीसा पाठ, आरती और केले का भोग लगाएं और परिवार सहित खाएं।

वृषः आज व्यापार में निर्णय सोच-समझकर लें। समय पर कार्य पूरा करने का प्रयास कीजियेगा। अपनीअच्छी बुद्धि हेतु जीव जंतुओं को खाने और पी